एक नजर में

## 2024 के पाण्डुलिपि अनुदान की घोषणा



इंदौर. साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग, भोपाल द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2024 हेतु प्रदेश के लेखक की प्रथम कृति के प्रकाशनार्थ श्रेष्ठ पाण्डुलिपियों की घोषणा कर दी है. प्रति पाण्डुलिपि बीस हजार की सहायता अनुदान प्रतिवर्ष कुल 40 पाण्डुलिपियों को दिया जाता है। साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने बताया कि कैलेण्डर वर्ष 2024 हेतु प्रदेश के लेखक की प्रथम कृति प्रकाशन योजना के अंतर्गत-निर्लेश तिवारी-इंदौर, अनुपमा मनमोहन उपाध्याय-उज्जैन, के.पी.एस.चौहान-इंदौर, डॉ. मनमोहन प्रकाश श्रीवास्तव-इंदौर, राखी जैन-इंदौर, अजय जैन विकल्प-इंदौर, डॉ. खुशबू पांचाल-उज्जैन, अमन जादौन-शाजापुर, भावेश कानूनगो-देवास, मंजु जैन-देवास, कमलेश व्यास कमल-उज्जैन, ललिता श्रीवास्तव-इंदौर, राधिका रितेश मण्डलोई-इंदौर, सर्वेश खण्डेलवाल-इंदौर, प्रताप चौबे-उज्जैन सहित अन्य की पांडुलिपि प्रकाशन सहायता अनुदान के लिए स्वीकृत हुई हैं.

## भागवत देता है नित्य नूतन अनुभूति : जगदगुरु



इंदौर. भागवत एक ऐसा ग्रन्थ है, जो बार-बार श्रवण के बाद भी नित्य नूतन अनुभूति देता है. हम किसी भी ग्रन्थ, गीत, भजन या प्रसंग को 5-7 बार सुनने के बाद उससे दूरी बना लेते हैं या उसे सुनना पसंद नहीं करते लेकिन भागवत के रूप में हमें ऐसा अनमोल खजाना मिला है जिसे जितनी बार सुनेंगे, उतनी बार नया लगेगा. दुनिया का और कोई ग्रन्थ ऐसा नहीं है जो बार-बार सुना जाए. वृन्दावन के जगदगुरु गोपेश्वर चैतन्य महाराज ने शनिवार को मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल की मेजबानी में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन एवं भागवत के समापन प्रसंग पर उक्त दिव्य एवं प्रेरक विचार व्यक्त किए. कथा में कृष्ण-सुदामा मैत्री का भावपूर्ण उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया. प्रारम्भ में मंडल के अध्यक्ष रामकिशोर राठी एवं मंत्री मनोज धूत के साथ गिरधारीलाल गिरीश शारदा, श्याम सुंदर-कौशल्या बिहानी, गौरीशंकर-विमला देवी लखोटिया, सुरेश-सुमन बिहानी, राधेश्याम-सोहनीदेवी मालानी एवं अमरचंद-सरिता सोनी ने व्यास पीठ का पूजन किया. समापन प्रसंग पर मंडल के अध्यक्ष रामकिशोर राठी, बजरंग मालानी, मनोज धूत, कपिल लाहोटी, श्रीकांत गिलडा, गीता भवन ट्रस्ट के मंत्री रामविलास राठी आदि ने सपत्नीक विद्वान वक्ता को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया. रविवार को सुबह 9 बजे यज्ञ-हवन एवं पूजन के साथ कथा का विराम होगा.

## चित्तोड़ा महाजन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र महाजन का सम्मान



इंदौर. प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं का उनके घर पहुंचकर अभिनंदन किया, जो जनसंघ के ज़माने से पार्टी के साथ अपनी अखंड निष्ठा बनाए हुए हैं और जिन्होंने पिछले 4-5 दशकों तक पार्टी को तन-मन-धन से सहयोग देकर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित किया है. विजयवर्गीय ने जनसंघ के समय के कार्यकर्त्ता और नागर चित्तोड़ा महाजन वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र महाजन के विद्याधाम के पीछे स्थित निवास पर पहुंचकर महाजन का आत्मीय सम्मान किया बल्कि परिवारजनों एवं समाज के बंधुओं से भी उनके कुशल क्षेम पूछे. इस मौके पर श्रीमती निर्मला महाजन, दिलीप गुप्ता, अर्पित महाजन, सचिन गुप्ता, ललित शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु एवं अन्य स्नेहीजन भी उपस्थित थे. विजयवर्गीय ने कहा कि महाजन जैसे वरिष्ठजनों का स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन हम सबके लिए प्रेरणा का विषय है. विजयवर्गीय के साथ क्षेत्र क्रमांक 1 के कार्यकर्त्ता गोविन्द पंवार भी उपस्थित थे।

## सम्मान समारोह का पहला न्योता खजराना गणेश को समर्पित



इन्दौर. श्री अग्रसेन महासभा के तत्वावधान में 15-16 जून को राजीव गाँधी चौराहा स्थित सौलारिस-शुभ कारज गार्डन पर आयोजित होने वाले 81 वरिष्ठजनों के अमृत महोत्सव का पहला न्योता तीन पीढ़ियों के सदस्यों ने एकसाथ पहुंचकर खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को समर्पित कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनसे सभी वरिष्ठजनों के शतायु एवं स्वस्थ और यशस्वी जीवन के लिए प्रार्थना की. महासभा के अध्यक्ष राजेश जिंदल, सचिव अनूप सिंघल, महासभा के पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य मोहनलाल बंसल के साथ इस अवसर पर समाजसेवी विष्णु बिंदल, अरुण आष्टावाले, बद्री बंसल, राजेश बंसल, कुंज बंसल, वंश बंसल, रामनिवास मित्तल, सतीश मंगल एवं गोपाल गुप्ता सहित विभिन्न परिवारों के तीन पीढ़ियों के सदस्यों ने एकसाथ मंदिर पहुंचकर खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी से इस कार्यक्रम में आ रहे 5 राज्यों के सभी 81 वरिष्ठजनों के शतायु, यशस्वी एवं स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की.

## न्यू जर्सी में किया गजानन महाराज के मंदिर का निर्माण



इंदौर. गजानन महाराज अमेरिका डिवोटीज़ परिवार, जो नॉर्थ ब्रंसविक, न्यू जर्सी (अमेरिका) की एक गैर-लाभकारी (नॉन-प्रॉफिट) कर-मुक्त संस्था है, ने भारत के बाहर शेगांव के गजानन महाराज के प्रथम स्वतंत्र मंदिर के निर्माण और उद्घाटन की पहल की है. ऋषि मुद्गल व सीमा मुद्गल ने बताया कि बहुत कम समय में यह मंदिर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और परोपकार का एक प्रमुख केंद्र बन गया है. यह मंदिर एक सांस्कृतिक प्रकाशस्तंभ बन चुका है और अमेरिका में रहने वाले मराठी समुदाय को उनकी जड़ों, विरासत, संस्कृति और महाराष्ट्र की आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंदिर प्रशासन, शेगांव स्थित श्री गजानन महाराज संस्थान के पदचिन्हों पर चलते हुए सामुदायिक सेवा, शैक्षणिक छात्रवृत्ति, मानसिक स्वास्थ्य सत्रों तथा स्थानीय खाद्य सुरक्षा में सुधार हेतु विभिन्न पहल कर रहा है. इस उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकर ने पत्र लिखकर उक्त उपलब्धि की सरहाना की है.

## रामावतार पाल का निधन



इंदौर. श्री पाल क्षत्रिय धनगर समाज पारमार्थिक न्यास के सचिव रामावतार पाल का दुखद निधन 13 जून को हो गया. कुम्हारखाड़ी मुक्तिधाम पर सुपुत्र विनय पाल ने मुखाग्नि दी. इस अवसर पर पाल समाज द्वारा व क्षेत्रीय नागरिकों ने मृतात्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी.

# भविष्य की कृषि रणनीति तैयार की : शिवराज सिंह

- छोटे किसान, महिला तथा युवा रहे केंद्र में
- ब्रिक्स ने जारी किया साझा घोषणा-पत्र




नवभारत न्यूज

इंदौर. भारत की अध्यक्षता में इंदौर में आयोजित ब्रिक्स कृषि मंत्रिस्तरीय और अधिकारी स्तरीय बैठकों का समापन सर्वसम्मति से पारित 'ब्रिक्स इंदौर डिक्लेरेशन' के साथ हुआ. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह घोषणा-पत्र खाद्य सुरक्षा, किसान कल्याण, जलवायु अनुकूल खेती, कृषि व्यापार और डिजिटल कृषि के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को नई दिशा देगा.

उन्होंने कहा कि यह केवल सहमति का दस्तावेज नहीं, बल्कि ब्रिक्स देशों की सामूहिक इच्छाशक्ति और टिकाऊ कृषि के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है. बैठक में सदस्य और सहयोगी देशों के लगभग 60 विदेशी प्रतिनिधियों सहित करीब 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया. शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि खाद्य सुरक्षा, किसानों की आजीविका, कृषि व्यापार, जलवायु अनुकूल खेती तथा कृषि नवाचार पर व्यापक चर्चा हुई. छोटे और सीमांत किसानों, महिलाओं तथा युवाओं को केंद्र में रखकर भविष्य की कृषि रणनीति तैयार की गई है. बैठक में चार नई पहलों पर सहमति बनी, जिनमें एग्रो-इकोलॉजी एवं रीजेनेरेटिव एग्रीकल्चर नेटवर्क, डिजिटल एग्रीकल्चर नेटवर्क, किसानों के बीज अधिकारों की सुरक्षा के लिए वैश्विक मंच तथा कृषि आदानों और जेनेटिक संसाधनों के आदान-प्रदान के लिए ब्रिक्स एग्रीएन नेटवर्क शामिल हैं. बैठक के समापन पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इंदौर में संपन्न यह सम्मेलन वैश्विक कृषि सहयोग, खाद्य सुरक्षा और किसान कल्याण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा.



### जलवायु अनुकूल खेती को देंगे बढ़ावा

पत्रकारों के सवालों के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और अल-नीनो जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए ब्रिक्स देश तकनीकी सहयोग और जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देंगे. उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि किसानों को यूरिया 266 रुपये और डीएपी 1350 रुपये प्रति बोरी की दर से उपलब्ध कराई जा रही है तथा अतिरिक्त लागत का भार केंद्र सरकार वहन कर रही है. उन्होंने कहा कि कस्टम हायरिंग सेंटरों के माध्यम से छोटे किसानों को ड्रोन और आधुनिक कृषि उपकरण किराये पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं. साथ ही कृषि क्षेत्र में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा एग्री-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है.

## अनुसूचित जाति के युवाओं को रोजगार के लिये दिया जायेगा लोन

इंदौर. राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं. इन योजनाओं के तहत अनुसूचित जाति के युवाओं को उद्योग, व्यवसाय तथा सेवा ईकाई स्थापना के लिये 10 हजार रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक का लोन दिया जायेगा. जिले में इस वर्ष इन योजनाओं के लक्ष्य प्राप्त हो गए हैं. जिले में इस वर्ष तीन विभिन्न योजनाओं में 340 युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है. राज्य शासन के मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिये संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना क्रियान्वित की जा रही है.

## भाजयुमो ने बैनर पोस्टर से बिगाड़ी शहर की स्वच्छता और सुंदरता

इंदौर. भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का पहली बार शहर में प्रस्तावित आगमन को लेकर शहर की स्वच्छता और सुंदरता खराब कर दी है. पूरा शहर स्थानीय धनपति और पद पाने की होड़ करने वालों ने बैनर पोस्टर से ऐसे पाट दिया है, जैसे कोई अवतार आ रहे हैं.

प्रदेश भाजयुमो के अध्यक्ष श्याम टेलर इंदौर आ रहे हैं. उनके आगमन पर शहर शहर में साइकिल रैली में बैनर पोस्टर से ताकत दिखाने के होड़ लगी है. स्थानीय सांसद, विधायक और महापौर समर्थकों ने प्रदेश और नगर में पद पाने के लिए शहर मुख्य चौराहों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को बैनर पोस्टर टांग कर शहर की स्वच्छता और सुंदरता पर सवाल खड़े कर दिए है. भाजयुमो प्रदेश और नगर में पद पाने के लिए शक्ति प्रदर्शन होड़ मची है और शहर में बैनर पोस्टर झोन बना दिए गए है. खास बात यह जा है कि बैनर पोस्टर लगाने के लिए सरकारी संपत्तियों जमकर उपयोग किया है, जिसमें स्ट्रीट लाइट खंबे, शौचालय, चौराहों पर सार्वजनिक स्थल शामिल है.

### निगम अनुमति बनी सवाल

नगर निगम ने यदि अनुमति दी है तो कैसे? शहर में सरकारी संपत्तियों का उपयोग प्रचार प्रसार करने के लिए अनुमति कब से दी जाने लगी है? यदि निगम ने अनुमति नहीं दी है तो शहर के स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को खराब कर रहे बैनर पोस्टर हटाने की कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

## 1200 मीटर क्षेत्र में रिवर फ्रंट का होगा सौंदर्यीकरण, 25 मीटर चौड़ी की जाएगी नदी



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शनिवार को अभ्यास मंडल की कान्ह-सरस्वती नदी पुनर्जीवन अभियान समिति सदस्यों ने क्षेत्रीय पार्षद के साथ निरीक्षण किया. इस दौरान योजना के क्रियान्वयन संस्था का तकनीकी दल भी मौजूद था. दौरे में अभ्यास मंडल के सदस्यों को बताया गया कि 12 मीटर रिवर फ्रंट विकसित कर सौंदर्यीकरण और नदी को 25 मीटर चौड़ा एवं लगभग 3 मीटर गहरा बनाया जाएगा. गंदे नालों की टैपिंग कर सीवेज पानी की अलग निकासी होगी.**

आज अभ्यास मंडल कान्ह-सरस्वती नदी पुनर्जीवन अभियान समिति सदस्यों ने पार्षद सुरेश टाकलकर को दो दिन पहले तीन सदस्यीय समिति द्वारा बनाई रिपोर्ट बताई. समिति द्वारा बताया गया कि किस तरह लोखंडे ब्रिज से अहिल्या आश्रम पुल तक गंदगी, ड्रेनेज पानी, पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है. निरीक्षण के दौरान पार्षद ने कहा कि 1200 मीटर क्षेत्र में रिवर फ्रंट का सौंदर्यीकरण और नदी 25 मीटर चौड़ी एवं करीब 3 मीटर गहरी की जाएगी. नदी के दोनों किनारों को गैबियन संरचना मजबूत करने, क्षेत्र में लैंडस्केपिंग एवं वृक्षारोपण किया जाएगा. हरसिद्धि एसटीपी से उपचारित जल लाकर नदी में प्रवाहित करने की योजना है. इस अवसर डॉ माला सिंह ठाकुर, वैशाली खरे, प्रणीता दीक्षित, उदय बापट, श्रीकांत धर्माधिकारी, सुशील पटेल सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे.

### विशेषज्ञों ने रखे महत्वपूर्ण सुझाव

पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. ओ.पी. जोशी ने कहा कि किसी भी नदी सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि प्राकृतिक पारिस्थितिकी, जल गुणवत्ता, जैव विविधता एवं भूजल पुनर्भरण की पुनर्स्थापना होना चाहिए. अभ्यास मंडल अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता ने कहा कि परियोजना के दीर्घकालीन लाभ और लागत का सार्वजनिक मूल्यांकन होना जरूरी हैं. पर्यावरणविद् डॉ. दिलीप वागेला ने कहा कि उपचारित जल का उपयोग नदी पुनर्जीवन में किया जा सकता है, किंतु जल गुणवत्ता की निगरानी और पर्यावरणीय मानकों का कठोर पालन आवश्यक है.

# जेल में खाने पर आपत्ति करने वाला बंदी अब खुद बनाएगा भोजन

- जेल मैन्युअल में होगा एक और बड़ा बदलाव

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मध्यप्रदेश सरकार जेल मैन्युअल में बड़ा बदलाव करने जा रही है. नए नियमों के तहत भोजन को लेकर भेदभावपूर्ण आपत्ति जताने वाले बंदी को सभी कैदियों के लिए खाना बनाना पड़ सकता है. साथ ही कैदियों को आदतन और गैर-आदतन अपराधी की दो श्रेणियों में बांटने का प्रावधान किया है.**




विभागीय सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित बदलावों के अनुसार पांच साल में दो या अधिक बार सजा पाने वाले दोषियों को आदतन अपराधी माना जाएगा, जबकि इस अवधि की गणना में जेल में बिताया गया समय शामिल नहीं होगा. जेल प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने के लिए भोजन बनाने का काम केवल स्वस्थ और गैर-आदतन सजा प्राप्त बंदियों को ही सौंपा जाएगा. जेलों में स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं को लेकर भी नए प्रावधान किए हैं. इतना ही नहीं हर सेल में शौचालय की व्यवस्था अनिवार्य होगी और प्रत्येक पांच बंदियों पर एक टॉयलेट सीट सुनिश्चित की जाएगी. वहीं दिव्यांग बंदियों के लिए वेस्टर्न सीट, साबुन, पानी और अन्य स्वच्छता सुविधाएं बढ़ाने का प्रावधान रखा गया है. इसके अलावा रोटी बनाने, कपड़े धोने और साफ-सफाई के लिए पहली बार विस्तृत एसओपी लागू की जाएगी, ताकि जेलों में कामकाज व्यवस्थित ढंग से हो सके. सरकार का दावा है कि इन बदलावों से जेलों में स्वच्छता, सुरक्षा, भोजन की गुणवत्ता और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार होगा.

## एमडी ड्रग्स के साथ युवक गिरफ्तार

इंदौर. विजय नगर पुलिस ने कार से एमडी ड्रग्स के साथ एक तस्कर को 10.58 ग्राम एमडी के साथ पकड़ा है. पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कार और एमडी जब्त कर ली है. पुलिस के अनुसार, विजय नगर चौराहे के पास एक खाली मैदान में खड़ी संदिग्ध कार की जांच की गई. तलाशी लेने पर कार में रखी पॉलीथीन से 10.58 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली. मौके पर मौजूद अक्षय गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है. जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह किन बड़े तस्करों से जुड़ा है और मादक पदार्थ कहां से लाता था. पुलिस का कहना है कि शहर में नशे के कारोबार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है.




## छात्राओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

नवभारत न्यूज़

इंदौर. विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, किला भवन में इको क्लब द्वारा पर्यावरण जागरूकता विषयक व्याख्यान आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शासकीय होलकर साइंस कॉलेज के सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) डॉ. देवेन्द्र मिश्रा ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया.

डॉ. मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है. दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है. कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और समाज में इसके प्रति जनजागरण का संकल्प लिया. व्याख्यान का आयोजन प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव के संरक्षण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन में इको क्लब प्रभारी डॉ. पूजा जैन द्वारा किया गया।इस अवसर पर डॉ. रितु माथुरिया, डॉ. अमरीश निगम, डॉ. आशीष कपूर सहित महाविद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित था.

## शनि मंदिर पुजारी को चाकू से धमकाया

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित शनि मंदिर में सफाई के दौरान विवाद हो गया. मांस-मटन की हड्डियां फेंकने से रोकने पर तीन आरोपियों ने पुजारी और उनके सहयोगी को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

शनि मंदिर के पुजारी भेरूलाल जोशी ने शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे परिसर में सफाई कर रहे थे. इसी दौरान तुलसीराम कुशवाह, आकाश कुशवाह और विकास कुशवाह वहां पहुंचे. आरोप है कि तीनों मंदिर के आसपास हड्डियां फेंक रहे थे, जिससे गंदगी फैल रही थी. पुजारी ने विरोध किया तो तीनों आरोपी भड़क गए और गाली गलौज करने लगे. मामला बढ़ने पर आरोपियों ने कथित तौर पर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी.



## नर्सिंग के छात्रों ने सस्टेनेबल लिविंग सीखी

इंदौर. सेंट फ्रांसिस कॉलेज ऑफ नर्सिंग के 45 छात्रों का एक समूह सनावदिया स्थित जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट में शैक्षणिक भ्रमण पर आया. छात्रों ने सस्टेनेबल लिविंग, पर्यावरण संरक्षण, रिन्यूएबल एनर्जी और सामुदायिक सशक्तिकरण के बारे में जानने के लिए इस दौरे में भाग लिया.

भ्रमण के दौरान, छात्रों ने औषधीय पौधों, जैविक खेती के तरीकों, सोलर कुकर, रिन्यूएबल एनर्जी सिस्टम और अन्य पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों को देखा. सेंटर ने पर्यावरण पर कम से कम असर डालते हुए सस्टेनेबल तरीके से जीने के व्यावहारिक उपाय दिखाए. जिम्मी मगिलिगन सेंटर सेंटर की डायरेक्टर पद्म श्री पुरस्कार विजेता डॉ. जनक पलटा मगिलिगन के साथ एक इंटरैक्टिव सेशन आयोजित हुआ. उन्होंने समाज सेवा और सामुदायिक विकास में अपने 40 से अधिक वर्षों के अनुभवों को साझा किया. उनकी प्रेरणादायक यात्रा और उपलब्धियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया.

# बाल श्रम को रेड कार्ड दिखाएं : प्रो. वर्मा




इंदौर. विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर डॉ. बीआर अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय (ब्राउस), डॉ. अम्बेडकर नगर द्वारा बुद्ध विहार, ब्राउस परिसर में बाल श्रम उन्मूलन में युवाओं की सहभागिता विषय पर सोशल एक्शन रिसर्च (एसएआई कार्यशाला का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की राइज़ फॉर इम्पैक्ट पहल के सहयोग से वैश्विक अभियान थीम बाल श्रम को रेड कार्ड: बच्चों के लिए समान अवसर और वयस्कों के लिए सम्मानजनक कार्य के अंतर्गत आयोजित किया गया. कार्यक्रम में शिक्षाविदों, शासकीय अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों तथा नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की. कार्यशाला का शुभारंभ मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सोनम निनामा तथा ब्राउस के प्रभारी कुलपति एवं प्रति कुलपति प्रो. दीपक कुमार वर्मा की उपस्थिति में हुआ. अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने बाल श्रम उन्मूलन के लिए शिक्षा, बाल संरक्षण तंत्र तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया. प्रो. वर्मा ने सभी प्रतिभागियों से बाल श्रम को रेड कार्ड संदेश अंकित रेड कार्ड प्रदर्शित कर बच्चों के अधिकारों की रक्षा तथा उनके समग्र कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने का आह्वान किया. कार्यशाला में डॉ. बंसरी नाग आईएलओ इंडिया, धर्मेन्द्र पंड्या अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति इंदौर, भगवानदास गोंडाने पूर्व अध्यक्ष मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल, रूपाली जैन संस्थापक प्रावेस इंदौर, प्रो. कन्हैया आहूजा प्रमुख, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, तथा मनोवैज्ञानिक अनामिका तिवारी ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिए. डॉ. मनीषा सक्सेना ने आभार प्रदर्शन किया।



## ओमप्रकाश दुबे चुने गए वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष

इंदौर. औदुम्बर ब्राह्मण समाज की प्रतिष्ठित संस्था वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक मंच अध्यक्ष जगदीश चंद्र जोशी के निवास स्थान पर आयोजित की गई.बैठक में श्री जोशी ने अपने दो दशक के कार्यकाल का प्रस्तुतीकरण करते हुए अपनी प्रबंध कार्यकारिणी समिति के स्थान पर नई समिति के चयन का प्रस्ताव रखा. सर्वसम्मति से ओमप्रकाश दुबे वरिष्ठ नागरिक मंच औदुम्बर ब्राह्मण समाज के नए अध्यक्ष चुने गए. मंच के वरिष्ठ सदस्य शिवकुमार द्विवेदी,सुधींद्र कुमार उपाध्याय, सोहनलाल दवे ,ओमप्रकाश पुराणिक, श्यामचंद्र शर्मा, महेश शर्मा अजय चौधरी सुरेश दुबे, नरेंद्र चौधरी, शैलेंद्र शर्मा, मुकेश पाठक आदि ने ओमप्रकाश दुबे को बधाई दी. बैठक में विशेष आमंत्रित महासभा इंदौर के नव निर्वाचित अध्यक्ष योगेश द्विवेदी का स्वागत भी किया गया. आशुतोष शर्मा, उमेश द्विवेदी ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया.

एक नजर में | जैन चार्टड अकाउंटेंट्स का आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर मेगा कॉन्क्लेव

## सीए अपनी प्रैक्टिस को टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बदलें




**इंदौर. जैन चार्टेर्ड अकाउंटेंट फेडरेशन के मालवा चैप्टर के द्वारा अपने सदस्यो के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर सेमिनार का आयोजन किया.**

चैप्टर के प्रेजिडेंट सीए अपूर्व कंसल ने स्वागत भाषण दिया उन्होंने कहा कि जेसीएएफ का लक्ष्य अपने सदस्यो को एआई के क्षेत्र में सक्षम बनाना है जिससे वे एआई टेक्नोलॉजी और विभिन्न टूल्स का इस्तेमाल कर के अपनी प्रैक्टिस में बढ़ोतरी कर क्लाइंट्स को उचित सेवा प्रदान कर सकते है. एआई अब एक कल्चर की तरह बढ़ रहा है. यह वर्तमान समय में सीए प्रोफेशन में बड़े बदलाव ला रहा है. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए रिशिर सोनी ने सीए प्रोफेशन में एआई के प्रयोग पर अपनी बात रखी उन्होंने रोजमर्रा के कार्यों जैसे क्लाइंट से डाटा मांगना, उसको आर्गेनाईज करना और सम्बंधित स्टाफ को प्रेषित करने की प्रक्रिया को आटोमेट करने, एआई की सहायता से ड्राफ्टिंग और कस्टमाईज़ करना, बिना शुल्क के अवेलेबल टूल्स और किस कार्य के लिए किस प्रकार के टूल की आवश्यकता है आदि पर लाइव प्रशिक्षण दिया.

### प्रयोग का दिया प्रशिक्षण

सीए अखिलेश गाँधी एवं टीम के द्वारा नोटबुक एलएम, क्लॉड, जेमिनी आदि विभिन्न पोर्टल और उसके प्रयोग पर प्रशिक्षण दिया. उन्होंने बताया ए आई को अभी भी कई लोग सर्च इंजन की तरह प्रयोग कर रहे है बल्कि यह उससे कई गुना अधिक शक्तिशाली है. कार्यक्रम में जोनल चेयरमैन सीए राजेश सेलोत, सीए पुष्कर जैन, सीए आनंद जैन ने भी सम्बोधित किया. सीए स्वाति जैन, सीए मोहित नागोरी ने एकाउंटिंग सॉफ्टवेयर, स्टॉक एनालिसिस आदि में ए आई के प्रयोग पर अपनी बात रखी. कार्यक्रम में सीए वैभव जैन, सीए आदर्श जैन सहित 150 से अधिक सीए सदस्यों ने भाग लिया. संचालन सीए अमर जैन और पुलकित जैन ने किया. आभार सीए यश जैन ने माना.